कार्यालय–अधिष्ठाता शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर

पत्रांकः 548/शैक्षिक/तृतीय0दी0स0/2021 दिनांकः दिसम्बर 14 , 2021

:: दीक्षान्त समारोह ::

विश्वविद्यालय के पत्रांक 525/शैक्षिक/तृतीय0दी0स0/2021दिनांकः दिसम्बर 14 ,2021 के द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2020–21 में बी0टेक0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्रों हेतु **तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 27.12.2021 को अपरान्ह 02.00 बजे से शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर** में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उत्तीर्ण छात्रों को सूचित करना है कि तृतीय दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये दिनांक 08.12.2021 से 20.12.2021 के मध्य पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण लिंक https://forms.gle/J8kmckcah4wq51oo6 एच0बी0टी0यू0 की वेबसाइट के **''दीक्षान्त समारोह''** टैब पर दिनांक 08.12.2021 से उपलब्ध होगा। समय–समय पर इस सम्बन्ध में आवश्यक अन्य सूचनायें भी ''दीक्षान्त समारोह'' टैब पर अपडेट की जायेगीं।

पदक प्राप्तकर्ता बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 छात्र/छात्राओं को समारोह में सम्मिलित होने के लिए आर0टी0पी0सी0आर0 की निगेटिव रिपोर्ट (24 से 48 घंटे के मध्य की रिपोर्ट मान्य) अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय परिसर में भी दिनांक 25.12.2021 एवं 26.12.2021 को प्रातः 11:30 बजे से आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से रिहर्सल में सहभाग करना होगा जो दिनांक 26.12.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे नियत किया गया है।

यह भी इंगित करना है कि परिधान (उत्तरी एवं साफा) हेतु रू0 500/– का शुल्क देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेंगे)। उक्त शुल्क ऑफलाइन/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। ऑफलाइन हेतु छात्र–छात्रा भौतिक रूप से उपस्थित होकर वित्त विभाग में नकद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है या “Finance Controller, HBTU Kanpur” के नाम बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत कर सकते है अथवा अपने पंजीकरण की प्रति के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न कर अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर 208002 को स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित कर सकते है। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पोर्टल लिंक http://103.110.49.5/slogin.aspx के माध्यम से दिनांक 08.12.2021 से दिनांक 20.12.2021 के मध्य ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते है।

उत्तीर्ण छात्रों से यह भी अपेक्षा है कि जिन छात्रों ने अपना अदेयता प्रमाण–पत्र (नो–डयूज) शैक्षिक अनुभाग में अभी तक नहीं जमा किया है, वे दिनांक 24.12.2021 तक अपना अदेयता प्रमाण–पत्र शैक्षिक अनुभाग में अवश्य जमा करना सुनिश्चित करें।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप